पी.एम.श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-2 वायु सेना स्थल चकेरी, कानपुर

सत्र 2025 - 2026

बालवाटिका-3 में प्रवेश सम्बन्धी सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है की **बालवाटिका-3 (सत्र 2025 - 2026)** में प्रवेश हेतु जिन बच्चों के नाम **प्रथ** **अनंतिम चयनित सूची** [PROVISIONAL ADMISSION LIST-1] में है, उनके अभिभावक के.वि.सं. (मुख्यालय) द्वारा प्रवे के लिए निर्देशित समय - सारणी के अनुसार **दिनांक 29/03/25 तथा दिनांक 01/04/25** को **पूर्वाह्न 8.30 से 10.30** मध्य विद्यालय में निम्नलिखित आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर अपने पाल्य / पाल्या का प्रवे सुनिश्चित करें।

बालवाटिका-3 में प्रवेश हेतु आवश्यक संलग्नक :-

प्रवेश सूची में नाम आने के उपरांत प्रवेश हेतु जांच के लिए ऑनलाइन भरे गए फॉर्म की स्वप्रमाणित छायाप्रति के अतिरिक्त निम्नलिखित दस्तावेजों का होना अनिवार्य है :-

- नवीनतम सेवा प्रमाण पत्र (सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत)।
- पोस्टिंग प्लेस (तैनाती स्थान) पर "नॉन फैमिली स्टेशन सर्टिफिकेट" / "फील्ड एरिया सर्टिफिकेट" (बाहर सेवारत कर्मचारियों हेतु)।
- स्थानांतरण प्रमाण पत्र, पिछले 07 वर्षों के स्थानांतरणों का विवरण (सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत एवं सत्यापित अर्थात सक्षम अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित और कार्यालय प्रमुख द्वारा मुहर लगाकर नाम, पदनाम तथा अन्य प्रासंगिक विवरणों को ब्लॉक अक्षरों में लिखा होना सुनिश्चित करें)।
- के.वि. सं. प्रवेश निर्देशिका 2025-26 (KVS ADMISSION GUIDELINES 2025-26) में दिए गए निर्देशों के अनुरूप पा / पाल्या का जन्मतिथि प्रमाण पत्र (सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत एवं स्वप्रमाणित छायाप्रति सहित)।
- पाल्य / पाल्या का रक्त समूह प्रमाण पत्र (मूल रूप में)।
- निवास प्रमाण पत्र (सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत) की छायाप्रति।
- पिछले महीने की सैलरी स्लिप की छायाप्रति अथवा वेतन भोगी कर्मचारियों की वेतन पासबुक की छायाप्रत
- जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो)।
- पाल्य/ पाल्या का आधार कार्ड, यदि उपलब्ध हो (सत्यापित छायाप्रति सहित)।
- मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी दिव्यांग प्रमाण पत्र (यदि लागू हो)।

नोट :

सभी प्रवेश मूल दस्तावेजों के सत्यापन के अधीन है।

द्वितीय चयनित सूची निर्देशित समय सारणी के अनुसार दिनांक 02/04/25 को जारी की जाएगी।

प्रवेश के दौरान व पश्चात अभिभावक द्वारा दी गई किसी भी सूचना में यदि किसी प्रकार की विसंगति पायी ज उनका प्रवेश तुरंत प्रभाव से निरस्त कर दिया जाएगा।

मात्र प्रथम अनंतिम प्रवेश सूची में नाम सम्मिलित होना ही प्रवेश की पुष्टि नही है।

प्राचार्य

प्राचार्य / Princ
पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय नं0-2/PM Shri K
वायु सेना स्थल / Air For
चकेरी, कानपुर-8 / Chakeri